क्रमांकः 76 /भण्डार/2019 भोपाल, दिनांकः 27-11-2019

## रद्दी विक्रय हेतु द्वितीय ई–निविदा – वर्ष 2019

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की लिखित उत्तरपुस्तिकाओं, परीक्षा फार्म, ब्राउन लिफाफे के अन्दर सफेद पेपर, अखबार, मेगजीन, अन्य कागज विक्रय हेतु **"रद्दी विक्रय हेतु द्वितीय निविदा – वर्ष 2019"** आन–लाइन ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तें, अन्य विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000–00 तथा सुरक्षा निधि रू. 60,000=00 हैं। इन्हें आन–लाईन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 30,00,000=00 है। प्रकाशन पश्चात निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 27-11-19 4PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 27-11-19 4-10PM | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 27-11-2019 4-15PM | |
| 04 | Document Download / Sale End Date | 11-12-2019 3PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 11-12-19 3PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 12-12-19 3-30PM | |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

(कुलसचिव द्वारा अनुमोदित)

सहायक कुलसचिव (भण्डार)

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

रद्दी विक्रय हेतु द्वितीय निविदा – वर्ष 2019

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की विभिन्न रद्दी जैसेः– लिखित उत्तरपुस्तिकाओं, परीक्षा फार्म, ब्राउन लिफाफे के अन्दर सफेद पेपर, अखबार, मेगजीन, अन्य कागज विक्रय के लिए आमंत्रित की जा रही हैं।

1.3 रद्दी विक्रय की निविदा को वेब–साईट https://mptenders.gov.in पर आन–लाइन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साइट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 30,00,000=00 हैं।

1.4 निविदा आन–लाइन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार हैः–

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 27-11-19 4 PM | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 27-11-19 4-10 PM | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 27-11-19 4-15 PM | |
| 04 | Document Download / Sale End Date | 11-12-19 3 PM | |
| 05 | Bid Submission End Date | 11-12-19 3 PM | |
| 06 | Bid Opening Date | 12-12-19 3-30 PM | |

1.5 यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 बजे खोली जावेगी।

1.6 <u>प्रक्रिया–1</u>: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 (रूपये एक हजार मात्र) हैं। सुरक्षा निधि रूपये 60,000=00 (रूपये साठ हजार मात्र) हैं। इन्हें आन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.7 <u>प्रक्रिया–2</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही तकनिकी निविदा देखी जावेगी। तकनिकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.8 <u>प्रक्रिया–3</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को आन लाइन प्रस्तुत किया जाना हैं।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2018–19, 2017–18, 2016–17) में शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से रद्दी क्रय करने का अनुभव हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। संस्था का कार्य सन्तोषजनक होने का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

2.2 पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षों (2018–19, 2017–18, 2016–17) के इनकम टेक्स रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.3 पिछले तीन वित्त वर्षों (2017–18, 2016–17, 2015–16) में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रू0 1.00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। इन वर्षो की बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।**

2.4 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।

2.5 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।**

2.6 (क) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) PAN CARD (आयकर) की छाया प्रति संलग्न करें।
(घ) संस्था/फर्म/कम्पनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.7 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं हैं।

2.8 केवल ऐसे क्रेता ही निविदा प्रस्तुत करें, जो रद्दी से कागज बनाते हैं अथवा विश्वविद्यालय से क्रय की गई रद्दी सीधे किसी पेपर मिल को भेजते है। क्रेता को ऐसा अभिवचन पत्र शपथ पत्र पर देना होगा।

2.9 सफल निविदाकार (क्रेता) को रद्दी विश्वविद्यालय के भण्डार गृह, गोपनीय विभाग, मुद्रणालय तथा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित विश्वविद्यालय के किसी भी अध्ययनशाला / संस्थान से अपने व्यय से उठाना पड़ेगी। रद्दी के बोरे भरने, भरे हुए बोरे में रद्दी गाड़ी या ट्रक में चढ़ाने, इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे पर खाली गाड़ी / ट्रक को तुलवाने, रद्दी भरने के बाद गाड़ी / ट्रक को तुलवाने का व्यय भार आदि समस्त व्यय निविदाकार को स्वयं उठाना होगा। विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।

2.10 क्रेता को रद्दी भरने के पूर्व खाली (रिक्त) एवं रद्दी भरने के पश्चात गाड़ी / ट्रक को विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समिति के सदस्यों की उपस्थिति में इलेक्ट्रानिक तोल कांटे पर तुलवाना होगा। तुलाई की दो रसीदें बनवानी होगी। दोनों रसीदों पर निविदाकार एवं विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत अधिकारियों / कर्मचारियों के हस्ताक्षर होंगे। तुलाई की ऐसी एक रसीद निविदाकार अपने पास रखेगा तथा एक रसीद विश्वविद्यालय के भण्डार प्रभारी के पास रहेगी।

2.11 क्रेता को रद्दी भरने के पूर्व भरी जाने वाली रद्दी का, स्वीकृत निविदा दर के अनुसार अनुमानित मूल्य की राशि का ड्राफ्ट विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करना होगा। ऐसी जमा की रसीद प्रस्तुत करने पर ही क्रेता को रद्दी, गाड़ी / ट्रक में भरने दी जावेगी। रद्दी भरने के बाद ट्रक का तौल कराने के बाद यदि ट्रक में भरी गई



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

रद्दी का मूल्य क्रेता द्वारा जमा करायी गई राशि से अधिक होगा, तो अन्तर राशि तत्काल क्रेता को विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में ड्राफ्ट से जमा करवानी होगी, अन्यथा भरी हुई रद्दी का ट्रक अन्तर राशि जमा होने तक विश्वविद्यालय द्वारा रोके रखा जाएगा।

2.12 सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृति की लिखित सूचना विश्वविद्यालय द्वारा दी जावेगी। ऐसी सूचना के एक सप्ताह के अन्दर निविदाकार को रूपये 1000–00 के नान–ज्यूडीशियल स्टाम्प पेपर पर निविदा शर्तों के अनुरूप अनुबंध पत्र सम्पादित करना होगें। इसके पश्चात ही विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकार को रद्दी उठाने का कार्य आदेश दिया जायेगा। क्रेता को विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्य आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में रद्दी उठानी पड़ेगी।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**निम्नानुसार दस्तावेजों फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| सं0 क्रं0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000=00 आन–लाइन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 60,000=00 आन–लाइन जमा की रसीद |
| 03 | फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2018–19, 2017–18, 2016–17) में शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था से रद्दी क्रय करने का अनुभव हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। संस्था का कार्य सन्तोषजनक होने का प्रमाण पत्र भी संलग्न करें। |
| 04 | पिछले तीन असेसमेन्ट वर्षो (2018–19, 2017–18, 2016–17) के इनकम टेक्स रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 05 | पिछले तीन वित्त वर्षों (2017–18, 2016–17, 2015–16) में प्रत्येक वर्ष में न्यूनतम रू0 1.00 करोड़ प्रतिवर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म को टर्न ओव्हर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें। इन वर्षो की बैलेन्सशीट भी संलग्न करें।** |
| 06 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 100=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित होगा। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है। |
| 07 | जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 08 | PAN CARD (आयकर) की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 09 | संस्था/फर्म/कम्पनी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | ऐसे क्रेता ही निविदा प्रस्तुत करें, जो रद्दी से कागज बनाते हैं अथवा विश्वविद्यालय से क्रय की गई रद्दी सीधे किसी पेपर मिल को भेजते है, उन्हें को ऐसा अभिवचन पत्र शपथ पत्र पर देना होगा। |
| 11 | निविदा प्रपत्र ए–1 |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को कुल निविदा राशि की 5 प्रतिशत की निष्पादन प्रतिभूति बैंक गारण्टी के रूप में विश्वविद्यालय के पक्ष में अनिवार्य रूप से देना होगा। अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन पर बैंक गारण्टी को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा। सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि भी विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगी।

3.2 सफल निविदाकर्ता फर्म को विश्वविद्यालय के साथ आदेश प्राप्ति के 07 दिवस में एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा।

3.3 पात्र पाई गयी संस्था से एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक हैं।

3.6 यदि सफल निविदाकर्ता द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा दी गई निर्धारित अवधि में रद्दी नहीं उठायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा बैंक गारंटी तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी तथा द्वितीय अधिकतम दर वाले निविदाकार को कार्य सौपा जायेगा।

3.7 यदि सफल निविदाकर्ता द्वारा विलम्ब से रद्दी उठायी जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा पैनल्टी प्रतिदिन के हिसाब से लगाई जावेगी । दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।

3.8 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.9 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के निविदाकर्ता सीलबन्द निविदा के ऊपर एवं निविदा प्रपत्र के ऊपर स्पष्ट रूप से वर्ग अंकित करे एवं अपने विशेष पंजीयन की प्रतिलिपि अवश्य लगाए।

3.10 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.11 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.12 निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

3.13 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## प्रपत्र ए–1
## (निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– विश्वविद्यालय की रद्दी क्रय की द्वितीय निविदा वर्ष–2019 बाबत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| सं0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लैन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय की **रद्दी विकय हेतु निविदा वर्ष–2019** का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित**
**रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर**

मैं————————————————द्वारा प्रोप्राइटर मेसर्स————————————————

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म का रद्दी क्रय सम्बन्धी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं है।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहीता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहीता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहीता

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
## रद्दी विक्रय की निविदा वर्ष 2019

प्रपत्र ए–2

(वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| सं.क्रं | रद्दी का विवरण | दर प्रति किलोग्राम रू. शब्दों में | दर प्रति किलोग्राम रू. अंकों में |
|---|---|---|---|
| 1 | लिखित उत्तरपुस्तिका / परीक्षा फार्म | | |
| 2 | ब्राउन लिफाफे में सफेद पेपर | | |
| 3 | अखबार | | |
| 4 | अन्य रद्दी | | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल